**136** **329(FG)**

# 2024
# अर्थशास्त्र
## (Economics)

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7** **पूर्णांक : 100**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न संख्या 11 से 18 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 25 से 27 तक विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Numbers 1 to 10 are Multiple Choice Type, for which only correct answer should be written in the answer-book. Question Numbers 11 to 18 are Very Short Answer Type, which are to be answered in about 50 words each, Question Numbers 19 to 24 are Short Answer Type, which are to be answered in about 150 words each and Question Numbers 25 to 27 are Long Answer Type, which are to be answered in about 300 words each.

(iii) Allotted marks of all the questions are given against them.

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :**

1. माँग वक्र सम्बन्ध व्यक्त करता है : **1**

(अ) लागत एवं मूल्य के बीच

(ब) मूल्य एवं विक्रय के बीच

(स) लागत एवं आय के बीच

(द) माँग एवं कीमत के बीच

2. अनधिमान वक्र की ढाल होती है : **1**

(अ) धनात्मक

(ब) ऋणात्मक

(स) समानान्तर

(द) लम्बवत्

3. निम्नलिखित में से कौन-से वक्र का आकार आयताकार अतिपरवलय के प्रकार का होता है ? **1**

(अ) औसत स्थिर लागत वक्र

(ब) कुल स्थिर लागत वक्र

(स) कुल परिवर्तनशील लागत वक्र

(द) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र

4. पैमाने का प्रतिफल संबंधित है : **1**

(अ) अल्पकाल से

(ब) दीर्घकाल से

(स) अति अल्पकाल से

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत कीमत निश्चित करता है ? **1**

(अ) प्रतिनिधि फर्म

(ब) सामान्य फर्म

(स) उद्योग

(द) सरकार

6. निम्नलिखित में से कौन-सा रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया का कार्य नहीं है ? **1**

(अ) व्यापारिक बैंक के कार्य

(ब) साख नियंत्रण

(स) सरकार का बैंक

(द) मौद्रिक नीति का निर्धारण

7. भुगतान संतुलन एक वार्षिक लेखा विवरण है एक राष्ट्र के : **1**

(अ) निर्यात व आयात का

(ब) आयात व निर्यात के कारण उत्पन्न अवशेष का

(स) सोने एवं विदेशी मुद्रा की स्थिति का

(द) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं वित्तीय सौदों का

8. कुल पूर्ति वक्र एवं कुल माँग वक्र के आपसी सम्मिलन के बिन्दु को निम्न रूप से जाना जाता है : **1**

(अ) माँग अतिरेक

(ब) माँग में कमी

(स) प्रभावी माँग

(द) समग्र माँग

9. मुद्रा की पूर्ति के निम्नलिखित प्रत्ययों में से किसे भारत में 'विस्तृत मुद्रा' कहा जाता है ? **1**

(अ) M1

(ब) M2

(स) M3

(द) M4

10. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.5 है, तो आय गुणक होगा : **1**

(अ) 2.0

(ब) 5.0

(स) 1.0

(द) 1.5

## (Multiple Choice Type Questions)

**Write the correct answer to the following questions in your answer-book :**

1. Demand curve shows the relationship between : **1**

   (a) Cost and Price

   (b) Price and Sales

   (c) Cost and Revenue

   (d) Demand and Price

2. The slope of Indifference curve is: **1**

   (a) Positive

   (b) Negative

   (c) Parallel

   (d) Vertical

3. Which of the following curves is shaped like a Rectangular Hyperbola ? **1**

   (a) AFC curve

   (b) TFC curve

   (c) TVC curve

   (d) AVC curve

4. Returns to Scale is related with: **1**

   (a) Short period

   (b) Long period

   (c) Very short period

   (d) None of the above

5. Which of the following determine the price under perfect competition ? **1**

   (a) Representative firm

(b) General firm

(c) Industry

(d) Government

6. Which of the following is not a function of the Reserve Bank of India ? **1**

(a) Functions of Commercial Bank

(b) Credit Control

(c) Government's Bank

(d) Determination of Monetary Policy

7. The Balance of Payments is an annual accounting statement of a nation's : **1**

(a) Exports and Imports

(b) Balance due on Imports and Exports

(c) Holdings of Gold and Foreign Currencies

(d) International Trade and Financial Transactions

8. The point of interaction of Aggregate Supply curve and Aggregate Demand curve is known as the point of: **1**

(a) Excess Demand

(b) Deficient Demand

(c) Effective Demand

(d) Aggregate Demand

9. Which one of the following concepts of money supply is called 'Broad Money' in India ? **1**

(a) M1

(b) M2

(c) M3

(d) M4

10. If Marginal Propensity to Consume (MPC) is 0.5, then income multiplier is: **1**

(a) 2.0

(b) 5.0

(c) 1.0

(d) 1.5

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)
## (Very Short-Answer Type Questions)

11. केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था क्या है ? **3**

*What is Centralised Planned Economy?* **3**

12. कुल उपयोगिता से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by Total Utility?* **3**

13. उत्पादन फलन की व्याख्या कीजिए। **3**

*Explain Production function.* **3**

14. पूर्ण प्रतियोगिता की मान्यताओं को बताइए। **3**

*State the assumptions of Perfect Competition.* **3**

15. सकल घरेलू उत्पाद से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by Gross Domestic Product?* **3**

16. उपभोग फलन क्या है ? **3**

*What is Consumption function?* **3**

17. नकद आरक्षित अनुपात से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by Cash Reserve Ratio?* **3**

18. राजकोषीय घाटे से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by Fiscal Deficit?* **3**

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)
## (Short-Answer Type Questions)

19. औसत लागत (AC) और सीमांत लागत (MC) से आप क्या समझते हैं ? इन वक्रों के बीच आपसी संबंध को बताइए। **3+3**

*What do you understand by Average Cost (AC) and Marginal Cost (MC)? Explain the mutual relation between these curves.* **3+3**

20. माँग की कीमत लोच से क्या तात्पर्य है ? इसको प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। **3+3**

*What do you mean by Price Elasticity of Demand? Explain the factors affecting it.* **3+3**

21. उत्पादन में अल्पकाल और दीर्घकाल में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **3+3**

*Clarify the difference between Short Period and Long Period in production.* **3+3**

22. राष्ट्रीय आय की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। **6**

*Explain the concept of National Income.* **6**

23. प्राथमिक घाटे से आप क्या समझते हैं ? **6**

*What do you understand by Primary Deficit?* **6**

24. मुद्रा की पूर्ति को परिभाषित कीजिए। **6**

*Define Supply of Money.* **6**

## (विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न)
## (Long-Answer Type Questions)

25. माँग की लोच से आप क्या समझते हैं ? इसके विभिन्न मापन की विधियों को लिखिए। **5+5**

**अथवा / OR**

अनधिमान वक्र से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **4+6**

*What do you understand by Elasticity of Demand? Write the various methods of measurement of Elasticity of Demand.*

*OR*

*What do you understand by Indifference Curve? Explain its characteristics.*

26. पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत दीर्घकाल में फर्म के संतुलन की विवेचना कीजिए। **10**

**अथवा / OR**

राष्ट्रीय आय की गणना की उत्पाद, आय तथा व्यय विधियों की व्याख्या कीजिए। **4+3+3**

*Discuss the equilibrium of a firm under perfect competition in the long run.*

*OR*

*Explain the Product, Income and Expenditure methods of computing National Income.*

27. केन्द्रीय बैंक की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए। **4+6**

**अथवा / OR**

स्थिर एवं लचीली विनिमय दरों से क्या आशय है ? इसके पक्ष एवं विपक्ष में तर्क दीजिए। **2+2+3+3**

*Explain the concept of a Central Bank. Describe the main functions of the Reserve Bank of India.*

*OR*

*What is meant by Fixed and Flexible exchange rates? Give arguments for and against it.*